New York State Department of Labor

WORKING FOR YOU

# बेरोज़गारी बीमा पात्रता प्रश्नावली

**महत्त्वपूर्ण:** आपको इस फॉर्म में दिए गए प्रश्नों के उत्तर देने होंगे और अनुरोध करने पर इसे New York State Department of Labor (न्यूयॉर्क राज्य श्रम विभाग) को देना होगा। हम आपके उत्तरों का उपयोग यह तय करने में मदद के लिए करते हैं कि क्या आप बेरोज़गारी बीमा लाभ के पात्र हैं और हमें यह पता लगाने के लिए कि दूसरी नौकरी खोजने की आपकी संभावनाएं क्या हैं।

बेरोज़गारी बीमा लाभ प्राप्त करने के लिए, आपको काम के लिए तैयार, इच्छुक और सक्षम होना चाहिए। आपको निरंतर और व्यवस्थित तरीके से सक्रिय रूप से काम की तलाश करनी चाहिए और उस काम को स्वीकार करने के लिए तैयार रहना चाहिए जिसके लिए आप प्रशिक्षण और/या अनुभव के अनुकूल हों। बेरोज़गारी बीमा लाभों का दावा करने वाले प्रत्येक सप्ताह के लिए आपको कार्य खोज रिकॉर्ड (ऑनलाइन या लिखित) भी रखना और पूरा करना होगा। अनुरोध किए जाने पर आपको श्रम विभाग को अपने लिखित रिकॉर्ड की एक प्रति प्रदान करनी होगी।

आपका नाम (पहला और अंतिम): ____________________________________________

आपके सोशल सिक्योरिटी नंबर के अंतिम चार **(4)** अंक: XXX-XX-__ __ __ __

1. क्या आप काम के लिए तैयार, इच्छुक और सक्षम हैं? ☐ हाँ ☐ नहीं यदि "नहीं, तो," समझाएं:
   ____________________________________________
2. क्या आप काम तुरंत शुरू कर सकते/सकती हैं? ☐ हाँ ☐ नहीं यदि "नहीं, तो," समझाएं:
   ____________________________________________
3. क्या आप तत्परता के साथ काम तलाश रहे/रही हैं? ☐ हाँ ☐ नहीं
   a. किस पद का आप काम तलाश रहे/रही हैं? ____________________________
   b. क्या आप काम के तलाश का रिकॉर्ड रख रहे हैं? ☐ हाँ ☐ नहीं
4. आप किन घंटों में काम करने के/की इच्छुक हैं? से ______ ☐ पूर्वाह्न ☐ अपराह्न तक ______ ☐ पूर्वाह्न ☐ अपराह्न
5. आप किन शिफ्ट में काम करने के/की इच्छुक हैं? ☐ पहला ☐ दूसरा ☐ तीसरा
6. इस प्रकार के कार्य के लिए आप न्यूनतम कितना वेतन स्वीकार करेंगे? $ ____________ प्रतिr _________
7. सप्ताह के उन दिनों को चिह्नित करें जब आप इस तरह का काम करने के इच्छुक हैं:
   ☐ सोमवार ☐ मंगलवार ☐ बुधवार ☐ बृहस्पतिवार ☐ शुक्रवार ☐ शनिवार ☐ रविवार
8. आपको काम पर जाने के लिए उचित दूरी तय करने के लिए तैयार रहना होगा। आम तौर पर, 'यात्रा की उचित दूरी एक ओर से, प्राइवेट ट्रांसपोर्टेशन द्वारा एक घंटा या डेढ़ घंटे सार्वजनिक ट्रांसपोर्टेशन द्वारा। क्या आप काम पर पहुँचने के लिए एक घंटे की यात्रा करने को तैयार हैं, यदि आप निजी परिवहन का उपयोग कर रहे/रही हैं, और डेढ़ घंटे, यदि आप सार्वजनिक परिवहन से यात्रा कर रहे/रही हैं? ☐ हाँ ☐ नहीं
9. क्या आप स्कूल का रहे/रही हैं? ☐ हाँ ☐ नहीं
10. लाभ का दावा करते समय, क्या आपने किसी मित्र या रिश्तेदार के व्यवसाय के लिए वेतन के साथ या इसके बिना कोई सेवा की है या कर रहे हैं? ☐ हाँ ☐ नहीं
11. क्या आपने कर्मचारी मुआवज़ा या विकलांगता लाभों के लिए आवेदन किया है या प्राप्त कर रहे हैं? ☐ हाँ ☐ नहीं
12. क्या आपको कोई पेंशन या सोशल सिक्यूरिटी लाभ प्राप्त हो रहा है या आपने इसके लिए आवेदन किया है? ☐ हाँ ☐ नहीं
    यदि हाँ, तो क्या आप अपने आप को काम के प्रकार, काम के घंटे या दिन, या कमाई की राशि तक सीमित रखते जिसे आप स्वीकार करेंगे क्योंकि आप ये लाभ प्राप्त कर रहे हैं? ☐ हाँ ☐ नहीं

मैं प्रमाणित करता हूं कि बेरोज़गारी बीमा लाभ के लिए मेरी पात्रता के संबंध में उपरोक्त जानकारी मेरे सर्वोत्तम ज्ञान के अनुसार सही है और मैं समझता/समझती हूं कि गलत बयान देने पर कानूनी दंड हैं। मैं समझता/समझती हूं कि मुझे इस प्रश्नावली में दी गई जानकारी में किसी भी बदलाव की तुरंत रिपोर्ट करनी चाहिए। मैं समझता/समझती हूं कि अगर मैं इन शर्तों का पालन नहीं करता/करती हूं, तो मैं बेरोजगारी बीमा लाभ प्राप्त करने के योग्य नहीं हो सकता।